# खाते से ठगे गए 37 हजार वापस कराए

श्रावस्ती। साइबर क्राइम पुलिस की ओर से पीड़ित के बैंक खाते से आईएमचपएस के जरिए ठगे गये 37 हजार रुपये उसके खाते में वापस कराए गए। गिलौला थाना क्षेत्र के सुबिखा निवासी दीपक कुमार शुक्ला ने 27 जुलाई को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि साइबर ठगों ने आईएमपीएस के माध्यम से उसके बैंक खाते से 46 हजार रुपये की ठगी कर ली है।

# कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

श्रावस्ती। कच्ची शराब के साथ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। सोनवा थाने की पुलिस ने 15 लीटर कच्ची शराब बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान पेशकार पुत्र फकीरे निवासी जुनैठा व पुनीत पुत्र जवाहिर निवासी बड़की दूबकला थाना सोनवा के रूप में हुई।